पी० एन० जी० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर, नैनीताल (उत्तराखण्ड)

# अभ्युदय

► ई-बुलेटिन ► जनवरी-मार्च 2024 ► अवधि- त्रैमासिक

## प्राचार्य की कलम से....



प्रो. (डॉ.) एम. सी. पाण्डे

अभ्युदय का मार्च 2024 अंक आपके सम्मुख प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। यह बुलेटिन महाविद्यालय की चहुँमुखी भौतिक प्रगति के साथ ही छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों व कार्मिकों की उपलब्धियों को भी प्रतिबिम्बित करता है। गत त्रैमास में जहाँ महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा शोध और प्रकाशन के क्षेत्र में शैक्षिक उपलब्धियां प्राप्त करते हुए उत्कृष्टता प्रदर्शित की गई, वहीं विद्यार्थियों के द्वारा एनसीसी, एनएसएस, नमामि गंगे आदि कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा महाविद्यालय को गौरवान्वित किया गया। इस वर्ष गणतन्त्र दिवस पर महाविद्यालय के द्वारा उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने की नवीन परम्परा का सूत्रपात किया गया।

छात्राओं की समस्या के दृष्टिगत सैनेटरी पैड वैंडिंग मशीन दो स्थानों पर स्थापित की गई। सामाजिक सरोकारों पर पहल करते हुए नगर पालिका के सहयोग से क्रीड़ा मैदान के पास एक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है जिसका प्रत्यक्ष लाभ रामनगर की जनता, सैलानियों तथा खिलाड़ियों को मिलेगा।

महाविद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा और सामाजिक प्रतिबद्धता के आधार पर सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान बनने की ओर अग्रसर है।

## विकास के नये आयाम हासिल करता हुआ महाविद्यालय

- महाविद्यालय में रुसा प्रथम चरण के अन्तर्गत ओपन एयर थियेटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- महाविद्यालय में मिनी गोल्फ स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा हेतु इण्डियन ऑयल के सौजन्य से दो सेनेटरी नेपकिन पैड वेडिंग मशीनें लगाई गई हैं जिनमें से एक पीजी ब्लॉक तथा दूसरे को बीएड ब्लॉक में स्थापित किया गया है।
- महाविद्यालय में नगर पालिका के सहयोग से नवीन शौचालय का निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ।



महाविद्यालय में लगाई गई नेपकिन वेंडिंग मशीन



महाविद्यालय में नगर पालिका के सहयोग से शौचालय का निर्माण कार्य प्रारम्भ

# क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में कीर्तिमान स्थापित करते हुए महाविद्यालय के खिलाड़ी

14 वीं सीनियर महिला एवं पुरुष ड्रॉप रो बाल चैंपियनशिप का आयोजन ड्रॉप रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 29 से 31 मार्च 2024 तक हरियाणा के कुरुक्षेत्र में किया गया जिसमें उत्तराखण्ड राज्य की कुमाऊँ विश्वविद्यालय की टीम से महाविद्यालय की खिलाड़ी नीशू रावत ने सिंगल इवेंट में स्वर्ण पदक अर्जित किया। डबल इवेंट में प्रियांशी रावत व भावना जोशी तथा अंजलि रावत ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मिक्स डबल इवेंट में महाविद्यालय की छात्रा श्रुति हालसी ने स्वर्णपदक अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।



**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से लौटने पर ड्रॉप रो बॉल टीम प्राचार्य जी को ट्रॉफी सौंपते हुए**

## महाविद्यालय की उपलब्धियाँ

मुख्यमंत्री उच्चशिक्षा छात्रवृत्ति योजना में रामनगर महाविद्यालय को उत्तराखंड राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत उत्तराखण्ड राज्य के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में से रामनगर महाविद्यालय में सबसे अधिक 75 विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं, जिन्हें तेरह लाख पांच हजार रूपए की धनराशि डीबीटी के माध्यम से प्राप्त हो चुकी है।



**मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित छात्र छात्राओं से वार्ता करते हुए मा.विधायक श्री दीवान सिंह बिष्ट**

उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड द्वारा पी.एन.जी.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर को सत्र 2023-24 की उत्तर पुस्तिकाओं के केन्द्रीय मूल्यांकन को समयबद्ध पूर्ण करने के प्रतिफलस्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं उच्च शिक्षा सचिव श्री शैलेश बगौली ने महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एम.सी.पाण्डे को देहरादून में यह प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों हेतु उत्तराखण्ड आईकॉन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड प्राचार्य प्रो. पाण्डे को उत्तराखण्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस् के एडिटर डॉ. प्रमोद कुमार अग्रवाल गोल्डी द्वारा प्रदान किया गया।





प्रो. पांडे को मिला उत्तराखंड आईकन अवॉर्ड

रामनगर। डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्यों के लिए उत्तराखंड आईकन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। प्रोफेसर पांडे को यह अवार्ड उत्तराखंड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के एडिटर डॉ. प्रमोद कुमार अग्रवाल गोल्डी ने दिया। इस अवसर पर प्रो. आरडी सिंह, आरएस कन्नौजिया, एसएस मौर्य, जेएस नेगी, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. निवेदिता अवस्थी आदि मौजूद रहे। संवाद

**उत्तराखंड आइकॉन अवार्ड से प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे जी को सम्मानित करते हुए डॉ.प्रमोद कुमार अग्रवाल 'गोल्डी'**

# व्याख्यानों से लाभान्वित हुए छात्र-छात्राएँ

1. भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा गुरु दिवस व्याख्यान माला के अन्तर्गत दि. 04 जनवरी, 2024 को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरू कर्नाटक के वैज्ञानिक प्रोफेसर भगवती प्रसाद जोशी द्वारा मैग्नेटिक मैमोरी और डाटा स्टोरेज टेक्नोलॉजी पर व्याख्यान दिया गया।

2. समाजशास्त्र विभाग द्वारा दि. 16 जनवरी, 2024 को 'समाजशास्त्र विषय में भविष्य निर्माण' शीर्षक पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्यवक्ता राजकीय महाविद्यालय मासी के प्राचार्य एवं प्रसिद्ध समाजशास्त्री प्रोफेसर ए.पी. सिंह ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया।

3. इतिहास विभाग द्वारा दिनांक 22.02.2024 को गुरु दिवस व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय तल्ला सल्ट के प्राचार्य प्रो.बी.एम. पाण्डे ने Human Condition : A Way out and the role of History पर ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड (हाइब्रिड मोड) पर व्याख्यान दिया।

4. जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा गुरु दिवस व्याख्यान माला के अन्तर्गत दि. 7/3/2024 को कार्डियक रिहैबिलिटेशन वीर हार्ट सेंटर श्री गंगाराम हॉस्पिटल नई दिल्ली के डायरेक्टर डॉ. कौशल मदन ने 'हार्टअटैक की रोकथाम' विषय पर व्याख्यान दिया।

5. दि. 14/3/2024 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा गुरू दिवस व्याख्यान माला के अन्तर्गत नीड ऑफ 'वुमेन एम्पलॉयमेन्ट इन 2024' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता श्यामा प्रसाद मुखर्जी कालेज पश्चिम दिल्ली की प्रो. चंद्रकला के माथुर ने व्याख्यान दिया।

6. बी.एड. विभाग में दिनांक 16 मार्च, 2024 राजकीय महाविद्यालय तल्ला सल्ट के प्राचार्य प्रो.बी.एम. पाण्डेय ने इतिहास शिक्षणः अपार सम्भावनाएं' विषय पर व्याख्यान देकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# एन.सी.सी./ एन.एस.एस./ नमामि गंगे एवं योग की डायरी से

## एनसीसी


- 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर 79 एन.सी.सी. यूके बटालियन एवं 24 यूके गर्ल्स बटालियन की ईकाइयों द्वारा महाविद्यालय में मार्च पास्ट कर सलामी दी गई जो एक मुख्य आकर्षण रहा। प्राचार्य प्रो. एम. सी. पाण्डे ने समस्त कैडेट्स को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन कर परेड के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। ए.एन.ओ.लेफ्टिनेट डी. एन. जोशी व लेफ्टिनेट कृष्णा भारती के निर्देशन में परेड कमान्डर सीनियर अन्डर ऑफिसर सूरज सिंह बिष्ट ने परेड का नेतृत्व किया।

- महाविद्यालय को 24 यूके गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र बनाया गया।

- 79 यूके बटालियन एन.सी.सी. नैनीताल की सब यूनिट के 28 कैडेटों ने एन.सी.सी. 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा में प्रतिभाग किया। 'सी' प्रमाणपत्र परीक्षा में 23 कैडेट सम्मिलित हुए।

- 24 यूके गर्ल्स बटालियन अल्मोड़ा की सब यूनिट के 25 कैडेटो ने 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा एवं 30 कैडेटो ने 'सी' प्रमाण पत्र परीक्षा में प्रतिभाग किया।

- 79 यूके बटालियन एनसीसी सब यूनिट द्वारा 'सेना में भर्ती की तैयारी कैसे करें? विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ए आर ओ अल्मोड़ा कर्नल आदित्य मिश्रा ने कैडेटों को सेना में भर्ती की संपूर्ण जानकारी शारीरिक परीक्षण, दक्षता, मनोवैज्ञानिक परीक्षण एवं डॉक्यूमेंटेशन के विषय में प्रशिक्षित किया। आयोजक सचिव लेफ्टिनेट डी.एन. जोशी ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया।



**गणतंत्र दिवस पर एनसीसी कैडेटों द्वारा कंटिंजेंट मार्च रहा मुख्य आकर्षण**

## राष्ट्रीय सेवा योजना

- वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश चन्द्रा के निर्देशन में छात्र इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर दि. 14 मार्च से 20 मार्च तक अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इन्टरमीडिएट कॉलेज रामनगर में आयोजित किया गया। शिविर अवधि में स्वयंसेवकों द्वारा योग, ध्यान, श्रमदान, मतदाता जागरुकता अभियान जल एवं पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं व्यक्तित्व विकास आदि उद्देश्यों को कर्तव्यनिष्ठा पूर्ण किया गया।

- छात्रा इकाई का विशेष शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता भदोला जोशी के निर्देशन में दि. 06 मार्च से 12 मार्च 2024 तक शिविर स्थल जीजीआईसी रामनगर में आयोजित किया गया।

- दि. 8 मार्च, 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती अमिता लोहनी ने महिलाओं को 'अपने अधिकारों के लिए होना होगा जागरूक' विषय पर स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित किया।

## नमामि गंगे

- 'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन' जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत दि. 16 मार्च से 31 मार्च तक गंगा स्वच्छता पखवाड़ा' चलाया गया। इस अभियान के दृष्टिगत स्वच्छता रैली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ. भावना पंत द्वारा किया गया।



**16 मार्च से 31 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पोशाक वितरण करते हुए प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे**

# महाविद्यालय में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

- उच्चशिक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन की देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत दि. 28/2/2024 से 13 मार्च 2024 तक विद्यार्थियों को उद्यमिता विकास स्टार्ट अप के सन्दर्भ में योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

- उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड द्वारा नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू आईसीटी के अन्तर्गत आईआईटी दिल्ली द्वारा वर्च्युअल लेब कार्यशाला का आयोजन दि. 13/3/2024 को किया गया। कार्यशाला में आई आई टी दिल्ली से मुख्य वक्ता श्री चन्दन कुमार व श्री जस्सी प्रसाद ने विद्यार्थियों को लैब डेमोंस्ट्रेशन के विषय में विस्तार से व्याख्यान दिया।

- उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं शोध केन्द्र (यूसर्क) द्वारा प्रायोजित दो द्विवसीय कार्यशाला का आयोजन दि.16 व 17 मार्च, 2024 को भौतिक विज्ञान विभाग व्दारा किया गया। 'Hands on Physics Experiments through Demonstrations end concepts of Physics विषय पर आयोजित कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा भौतिकी के विभिन्न सिद्धान्तों को सरलता से प्रयोग कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्रेट मिशन, जीपीपी, जी आईसी व मदर्स ग्लोरी आदि माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।



**भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में वाटर रॉकेट लॉच करते हुए वैज्ञानिक**

# प्राध्यापकों के अकादमिक कार्य

- डॉ. शरद भट्ट असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास विभाग के शोध पत्रों का प्रकाशन हुआ

1. 'Socio Religious Reform Movements in the Towns of 19th century U.P.' published in IJRAR: International Journal of Research and analytical Review January 2024, Vol-II, Issue-1, ISSN 2349-5138.

2. 'Impact of Improved means of Communication on the manufacturing Urban Centres of the 19th century U.P.' published in IERJ: International Education & Research Journal Feb.2024, Vol.10, Issue -2, ISSN 2454991.

- डॉ. योगेश चन्द्र असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग के शोध पत्र 'महिलाओं के स्वास्थ्य स्थिति का तुलनात्मक समाजशास्त्रीय अध्ययन' History Research Journal ISSN 0976-5424(P) with IF=7-86, Vol-30, Issue -01, No.3, Jan-Feb: 2024 में प्रकाशन

- डॉ. डी.एन.जोशी असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल विभाग ने हर्ष विद्या मंदिर पी.जी. कॉलेज रायसी, हरिद्वार द्वारा आयोजित दो द्विवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "कला, साहित्य और डिजिटल क्रांति" दिनांक 01-02 मार्च 2024 में आमंत्रित वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।




**डॉ.डी.एन.जोशी राष्ट्रीय संगोष्ठी में आमंत्रित वक्ता के रूप में व्याख्यान देते हुए**

# राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थी

- 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई की कैडेट सपना तड़ियाल ने गणतंत्र दिवस शिविर (RDC-2024) नई दिल्ली में उत्तराखण्ड एनसीसी निदेशालय की ओर से प्रतिभाग कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. एमसी. पाण्डे कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक ने कैडेट सपना तड़ियाल को सम्मानित किया।



गणतंत्र दिवस शिविर 2024 में प्रतिभाग करने वाली 79 यूके बटालियन एनसीसी की कैडेट सपना तड़ियाल

**महाविद्यालय ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान (लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्वीप (SVEEP) टीम द्वारा निष्पादित कार्य)**

- महाविद्यालय में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचनीय प्रतिभागिता (SVEEP) द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु पुरुष कैम्पस एम्बेसेडर प्रो. जगमोहन नेगी व महिला कैम्पस एम्बेसेडर डॉ. कृष्णा भारती द्वारा मतदाता शपथ, जनजागरुकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिताएँ आदि कार्यक्रम संचालित किए गए जिसमें महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।



मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप द्वारा रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता

- दि. 25 जनवरी 2024 को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया जिसने 'नथिंग लाइक वोटिंग आई वोट फॉर श्योर थीम पर एनसीसी कैडेटों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

## शोध क्षेत्र में उपलब्धि

- डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत विभाग को "समकालिक -(1970:) संस्कृतगीतिकाव्याना भाषा भाव्योवैशिष्ट्यानुशीलनम्" शोध विषय पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गयी।

- वाणिज्य विभाग के शोध छात्र गौतम रावत ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय से "ए स्टडी ऑफ अर्बन कन्ज्यूमर्स बाइंग बिहेयिर इन रेसपास टू ग्रीन प्रोडक्ट्स (स्पेशल रेफरेंस कुमाऊँ डिवीजन ऑफ उत्तराखण्ड) शोध शीर्षक पर प्राचार्य प्रो.एम.सी. पाण्डे के निर्देशन में शोध उपाधि प्राप्त की।

### छात्रा मुस्कान नेगी ने जीती राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड सरकार के आदेशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2024 के अवसर पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में रामनगर महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान नेगी विजयी रही।

### सेवानिवृत्ति पर विदाई

- मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी एवं महाविद्यालय चीफ प्रॉक्टर प्रो. आर. डी. सिंह की अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर दि. 31/03/2024 को विदाई दी गई।

- कार्यालय में उपनल कार्मिक श्री मोहन सिंह नेगी को सेवानिवृत्ति पर दि. 29/02/2024 को विदाई दी गई।

### विचार गोष्ठी का आयोजन

- सरोकार साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था रामनगर एवं पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के संयुक्त तत्वावधान में दि. 22/01/2024 को 'लोक में राम' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.एम.सी. पाण्डे जी ने की। मुख्य अतिथि श्री विनोद प्रसाद सिमल्टी संयुक्त सचिव उत्तराखण्ड शिक्षा परिषद रामनगर रहे। बीज वक्तव्य डॉ. शरद भट्ट विभाग प्रभारी इतिहास विभाग द्वारा दिया गया। गोष्ठी का संचालन महाविद्यालय समारोहक डॉ. डी.एन. जोशी ने किया।



**'लोक में राम' विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन**



स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्वयं सेविकाएं



उपनल कार्मिक श्री मोहन सिंह नेगी जी को सेवानिवृत्ति पर विदाई देते हुए





केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली में डॉ.मूलचन्द्र शुक्ल पीएचडी उपाधि प्राप्त करते हुए



राजकीय महाविद्यालय मासी के प्राचार्य समाजशास्त्र विभाग में व्याख्यान देते हुए



स्वच्छता अभियान चलाते ग्रीन आर्मी के कैडेट

## गौतम रावत को वाणिज्य में पीएचडी की उपाधि

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के वाणिज्य विभाग के शोध छात्र गौतम रावत को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। गौतम ने ए स्टडी ऑफ अर्बन कन्ज्यूमर्स बायिंग बिहेवियर इन रिस्पांस टू ग्रीन प्रोडक्टस् ( स्पेशल रिफ्रेंस टू कुमाऊं डिवीजन ऑफ उत्तराखंड) शीर्षक पर शोध कार्य किया है। उन्होंने अपना शोध कार्य पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के प्राचार्य प्रोफेसर ( डॉ. )एम .सी .पाण्डे के निर्देशन मे पूर्ण किया है। गौतम रावत को प्राचार्य प्रोफेसर एम .सी .पाण्डे, कुमाऊं विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो .अतुल जोशी, चीफ प्रॉक्टर प्रो .आर .डी .सिंह, वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ .दीपक खाती, डॉ .ममता जोशी, डॉ .सुमन कुमार, डॉ .योगेश चन्द्र डॉ .देवकीनंदन जोशी, डॉ .भानु दुर्गापाल, डॉ .हेम चन्द्र भट्ट सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गौतम ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अपने परिजनों को दिया है। परीक्षकों ने उनके शोध कार्य की सराहना करते हुए उनके द्वारा किए गए शोध को मील का पत्थर कहा है।



गौतम रावत।

## मुस्कान ने जीती राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की छात्रा मुस्कान नेगी ने राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर नैनीताल जनपद से जीत दर्ज की है। बता दें कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 के दृष्टिगत राज्य स्तरीय ऑनलाइन स्लोगन, चित्रकला तथा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें रामनगर महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान नेगी चित्रकला प्रतियोगिता में विजयी रही।





नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर श्रद्धा सुमन
अर्पित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे






रक्तदान करने वाली छात्रा को सम्मानित करते हुए प्राचार्य



राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का विशेष शिविर



79 यू.के. के बटालियन एनसीसी इकाई द्वारा आयोजित
व्याख्यान ''सेना में भर्ती की तैयारी कैसे करें''




राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का विशेष शिविर



देवभूमि उद्यमिता योजना बूट कैम्प



अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर
एम.सी.पाण्डे जी मुख्यवक्ता के रूप में



वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी प्रो.एस.एस.मौर्य बने महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर



संगीत गायन प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करती हुई छात्रा



प्री पीएचडी कोर्स वर्क का समापन सत्र



24 यूके गर्ल्स बटालियन की सब यूनिट द्वारा रैंक सेरेमनी का आयोजन



मनोविज्ञान विभाग प्रभारी एवं चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर आर.डी.सिंह जी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



मतदाता जागरूकता हेतु रैली का आयोजन



मतदाता शपथ ग्रहण कराते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे



सर्वोच्च अंक करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे द्वारा किया गया पुरस्कृत




राष्ट्रीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो.एम.सी. पाण्डे





महाविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



बीएड के विद्यार्थियों द्वारा SUPW के अन्तर्गत अनुपयोगी सामग्री से कुछ उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रयास



बीएड प्रशिक्षुओं को राजकीय महाविद्यालय तल्ला सल्ट के प्राचार्य प्रो.बी.एम.पाण्डेय व्याख्यान देते हुए



अन्तर्राज्यीय बॉस्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे



एनसीसी बी प्रमाण पत्र परीक्षा में कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक ने किया निरीक्षण












नमामि गंगे इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# राष्ट्रीय स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी



प्रियांशी रावत



नीशू रावत



अंजलि रावत



श्रुति हालसी

## सम्पादक मण्डल

| | | |
|---|---|---|
| संरक्षक | - | प्रो0 (डॉ0) एम0 सी0 पाण्डे, प्राचार्य |
| सम्पादक | - | डॉ0 डी0 एन0 जोशी (असि0 प्रो0 भूगोल) |
| सदस्य | - | डॉ0 सुरेश चन्द्रा (असि0 प्रो0 हिन्दी) |
| | | डॉ0 दुर्गा तिवारी (गेस्ट फैकल्टी हिन्दी) |
| सलाहकार | - | डॉ0 योगेश चन्द्र, (असि0 प्रो0 समाजशास्त्र) |
| | | डॉ0 शंकर मण्डल (असि0 प्रो0 जन्तु विज्ञान) |
| | | डॉ0 दीपक खाती (असि0 प्रो0 वाणिज्य) |

संरक्षक एवं प्रकाशक प्रोफेसर(डॉ.) एम.सी.पाण्डे, प्राचार्य, पी.एन.जी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर (नैनीताल) द्वारा विधा प्रकाशन बाजपुर (उधम सिंह नगर) से मुद्रित करवाकर महाविद्यालय से प्रकाशित

विधा प्रकाशन vidhaprakashan@gmail.com रजिस्टर्ड ऑफिस : वार्ड 09, बाज़पुर, उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) +91-7500042420, 9760411975